# प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी दी

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**बल्लभगढ़ के** अग्रवाल कॉलेज की सेल्फ फाइनेंस में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। यह शिविर युवाओं के समग्र विकास में अष्टांग योग और प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका विषय पर आयोजित किया गया था। तीसरे दिन छात्रों को प्राकृतिक चिकित्सा व योग की जानकारी दी गई। शिविर का आयोजन प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की अध्यक्षता व सेल्फ फाइनेंस विंग के प्रभारी डॉ संजीव गुप्ता की देखरेख में हुआ। तीसरे दिन योग प्रशिक्षक डॉ. विजाता आर्य मुख्य अतिथि रहीं। मौके पर मधु सिंगला, डॉ. शिल्पा गोयल, डॉ. रेणु माहेश्वरी, उषा चौधरी, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग आदि मौजूद रहे।